# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका




अंक-10 राजभवन, उत्तर प्रदेश

नवम्बर, दिसम्बर-2022, जनवरी-2023



मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा लिखित पुस्तक 'द एग्जाम वॉरियर्स' का अध्ययन करते हुए मा. राज्यपाल जी।



गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राजभवन में मा. राज्यपाल एवं मा. मुख्यमंत्री जी बच्चों के साथ।

अंक-10 राजभवन, उत्तर प्रदेश

नवम्बर, दिसम्बर-2022 व जनवरी-2023

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | मा. राष्ट्रपति जी का प्रदेश भ्रमण | 01 |
| 2. | मा. उप राष्ट्रपति जी का प्रदेश भ्रमण | 02 |
| 3. | मा. प्रधानमंत्री जी का प्रदेश भ्रमण | 03–04 |
| 4. | गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम | 05–09 |
| 5. | राजभवन के कार्यक्रम | 10–23 |
| 6. | राजभवन के आनलाइन कार्यक्रम | 24–30 |
| 7. | नियुक्ति | 30 |
| 8. | दीक्षान्त समारोह | 31–36 |
| 9. | विश्वविद्यालयों द्वारा नैक की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण | 37 |
| 10. | जनपदीय भ्रमण | 38–52 |
| 11. | राज्य का भ्रमण | 53–55 |
| 12. | इन्द्रधनुष | 56–57 |
| 13. | छायाचित्रों में राजभवन | 58–60 |
| 14. | समाचार पत्रों में राजभवन | 61–62 |


## प्रेरणा स्रोत



श्रीमती आनंदीबेन पटेल

मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

"आधुनिक जीवनशैली में पिज्जा, बर्गर और चाउमीन जैसे फास्टफूड अब दिनचर्या में शामिल हो गए हैं। हमने अपने पारंपरिक भोजन को त्याग दिया है। इसी वजह से लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच रहा है। मोटे अनाज में सेहत का राज छिपा है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। प्रधानमंत्री जी ने मोटे अनाज को 'श्री अन्न' के रूप में नया नाम दिया है। अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि हमें अपने खान-पान में ज्वार, चना, रागी, बाजरा, कंगनी, सांवां, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू जैसे फायदेमंद मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। मोटे अनाज में कैल्शियम, फाइबर और आयरन की भरपूर मात्रा पायी जाती है। यह कुपोषण व टी.बी. जैसी बीमारियों को रोकने मे भी लाभदायक है।"

– आनंदीबेन पटेल

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

नवम्बर, दिसम्बर–2022 तथा जनवरी–2023 त्रैमासिक पत्रिका 'उमंग' का यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस अंक में राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में वार्षिक परम्परागत खेल प्रतियोगिता–2023 का आयोजन तथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लिखित पुस्तक 'द एग्जाम वारियर्स' का राजभवन में विमोचन तथा गणमान्य नागरिकों से मुलाकात आदि जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों को पत्रिका में स्थान दिया गया है।

राजभवन में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम जैसे– 74वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डा रोहण, सायंकाल में ऐटहोम कार्यक्रम तथा गणतन्त्र दिवस को पुनीत संध्या पर राजभवन के अधिकारियों/कर्मचारियों और उनके बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओत–प्रोत गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के अतिरिक्त राजभवन में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह आदि आयोजनों का समावेश भी पत्रिका को और अधिक सारगर्भित बनाता है।

कॉमनवेल्थ गेम्स–2022 एवं 36वें नेशनल गेम्स–2022 के खिलाड़ियों को पदक से सम्मानित करने के साथ ही स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स तथा जनपद बलिया में क्षय रोगियों को पोषण सामग्री के वितरण आदि के विशिष्ट आयोजन का समावेश पत्रिका के मुख्य आकर्षण हैं।

प्रदेश की उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण एवं सशक्त बनाने हेतु विश्वविद्यालयों में नवाचार, नैक तैयारियों की दीर्घ समीक्षा तथा दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने के साथ ही आंगनवाड़ियों को गोद लिये जाने हेतु आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सामग्री आदि वितरित करने का विवरण पत्रिका के इस अंक में शामिल किया गया है।

इस प्रकार यह अंक बहुरंगी, बहुआयामी एवं सूचना परक है। इसमें विभिन्न आयोजनों, कार्यकलाप एवं महत्वपूर्ण अवसरों को समाविष्ट करने का प्रयास किया गया है। मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह अंक आपकी अपेक्षाओं को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगा। मैं आभारी हूं श्री राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक, सूचना, राजभवन तथा उनकी पूरी टीम की, जिनके सहयोग से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को पत्रिका का स्वरूप दिया जा सका।

**(कल्पना अवस्थी)**
प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल
प्रधान सम्पादक

# मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का प्रदेश भ्रमण

**ग्रेटर नोएडा: 1 नवम्बर, 2022**




*मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का ग्रेटर नोएडा आगमन पर स्वागत करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी।*

❖ देश की मा0 राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित 07 वें 'भारत जल सप्ताह-2022' कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में किया।




*ग्रेटर नोएडा में आयोजित 7वें इण्डिया वॉटर वीक के अवसर पर जल संरक्षण हेतु सांकेतिक रूप से जलदान करते हुए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी।*

# मा. उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का प्रदेश भ्रमण

**गौतमबुद्धनगर : 25 नवम्बर, 2022**

- मा. उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धमेन्द्र प्रधान जी गौतमबुद्ध नगर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'यूनेस्को-इण्डिया-अफ्रीका हैकाथॉन 2022' पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।
- 36 घंटे के इस हैकाथॉन में 22 देशों से आये 343 तथा 227 भारतीय छात्रों ने अपने-अपने टास्क के अनुसार इनोवेशन पर कार्य किया।




'यूनेस्को-इण्डिया-अफ्रीका हैकाथॉन 2022' पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार की राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते हुए मा. उप राष्ट्रपति जी।



# मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रदेश भ्रमण

19 नवम्बर, 2022

- मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वाराणसी में एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम्' का उद्घाटन श्रीमती आनंदीबेन पटेल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में किया।
- अपुस्तक 'तिरुक्कुरल' का विमोचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन।



'काशी तमिल संगमम्' कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आये मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का बी.एच.यू. वाराणसी परिसर स्थित हैलीपैड पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत करते हुए।




वाराणसी में आयोजित 'काशी तमिल संगमम्' कार्यक्रम में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



वाराणसी में आयोजित 'काशी तमिल संगमम्' कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी।
साथ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।




पुस्तक 'तिरुक्कुरल' का विमोचन करते हुए मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी,
साथ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

राजभवन : 26 जनवरी, 2023

## राजभवन में ध्वजारोहण



74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डारोहण करते हुए राज्यपाल जी।



राजभवन ध्वजारोहण में हिस्सा लेने आए एन0सी0सी0 कैडेट्स के साथ राज्यपाल जी।

# विधान भवन, लखनऊ पर विभिन्न कार्यक्रम

**राजभवन : 26 जनवरी, 2023**



विधान भवन, लखनऊ पर ध्वजारोहण के पश्चात् परेड का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।




गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विधान भवन, लखनऊ पर परेड की सलामी लेते हुए राज्यपाल जी।

# गणतंत्र दिवस पर राजभवन में एट-होम कार्यक्रम

**राजभवन : 26 जनवरी, 2023**




गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी लोगों को बधाई देते हुए।



# गणतंत्र दिवस की संध्या पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजभवन : 26 जनवरी, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन के बड़ा लॉन प्रांगण में गणतंत्र दिवस की पुनीत संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।
- ❖ राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके बच्चों ने देश–प्रेम से ओत–प्रोत गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ दी।




*गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी व राजभवन कर्मी।*



*गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी कलाकारों के साथ राज्यपाल जी।*

''हमें याद रखना चाहिए कि सबकी सामूहिक लड़ाई से ही ये आजादी प्राप्त हुई है। इसे बनाए रखने, देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारी है। हमें भेदभाव रहित समाज बनाना है और सिर्फ देश के विकास के लिए ही प्रयास करना है।''

''हमारा संविधान सभी को समान अधिकार देता है। संविधान हमें समानता, सहिष्णुता, देशभक्ति और सद्‌भावना सिखाता है। हम सब इसी भाव को लेकर आगे बढ़ें।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह

लखनऊः 29 जनवरी, 2023

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में सहभागिता की।
- ❖ राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग करने वालों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
- ❖ विभागीय झाँकियों में प्रथम स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण, द्वितीय स्थान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश तथा तृतीय स्थान कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश को दिया गया।
- ❖ जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान सिटी मान्टेसरी स्कूल, द्वितीय स्थान उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम् तथा तृतीय स्थान लखनऊ पब्लिक स्कूल एण्ड कालेजे को दिया गया।



परिसमाप्ति समारोह में पी0ए0सी0 एवं मिलिट्री बैण्ड, पाइप्स एवं ड्रम्स बैण्ड द्वारा तेज चाल, धीमी चाल तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से प्रस्तुत मनमोहक दृश्य का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



विभागीय झाँकियों में लखनऊ विकास प्राधिकरण को प्रथम स्थान मिलने पर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।



विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में सिटी मान्टेसरी स्कूल, को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।

# नववर्ष की बधाई

**राजभवन : 1 जनवरी, 2023**

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ अधिकारियों, राजभवन के समस्त कर्मियों तथा उनके बच्चों ने भेंट कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी।



राज्यपाल जी से राजभवन में मिलकर नववर्ष की बधाई देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक



राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई देते हुए राज्यपाल की प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी।



राजभवन में अध्यासित कर्मियों के बच्चे राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई देते हुए।



राजभवन में अध्यासित बालिकाएं राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई देते हुए।



नव वर्ष के अवसर पर महिलाओं के साथ राज्यपाल जी।

# राजभवन में परम्परागत खेल प्रतियोगिता-2023 का आयोजन

**राजभवन : जनवरी, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में आवासित एवं कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के लिए प्रतिवर्ष राजभवन में होने वाली परम्परागत खेल प्रतियोगिता-2023 का शुभारम्भ 01 जनवरी 2023 को बच्चों के जूडो प्रदर्शन से हुआ।

❖ प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, गिल्ली-डण्डा, लंगड़ी, रस्सी कूद, गोला फेंक, लम्बी कूद, 100 मी0 दौड़ तथा स्लो साइकलिंग रेस, वाली बाल, रस्सा खींच, टेबल टेनिस, शतरंज, जूडो, कैरम एवं बैडमिन्टन खेलों का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग में हुआ।



















राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करते राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी व उनके बच्चे।

# भारतीय प्रशासनिक सेवा, वन सेवा तथा प्रान्तीय सिविल सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से भेंट

**राजभवन: 2 नवम्बर, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2021 तथा भारतीय वन सेवा 2018-19 बैच के 24 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।



**राजभवन : 14 नवम्बर, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2020 बैच के 41 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।



*राज्यपाल जी प्रशिक्षु अधिकारियों से अपने विचार साझा करते हुए।*

"अधिकारी गरीब जनता के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। जनता के हित में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों और फाइलों का निस्तारण कम से कम समय में करें, जिससे प्रार्थी की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो। अधिकारी नीति-नियम के अंतर्गत ही कार्य करें, लेकिन कोई जनहित का कार्य यदि नीति में नहीं है तो उसका विवरण और आवश्यकता को विस्तार से अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचाएं, जिससे उस कार्य के निष्पादन हेतु नीति-नियम बनाया जा सके। अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए कि जो भी फरियादी उनके पास आए वो निराश होकर न जाए।"

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# भारत स्काउट एण्ड गाइड के पदाधिकारियों द्वारा राज्यपाल को सम्मान

**राजभवन 07 नवम्बर, 2022**

भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के प्रादेशिक पदाधिकारियों ने राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से भेंट कर उन्हें गाइड स्कार्फ एवं बैज लगाया तथा झण्डा भेंटकर सम्मानित किया।




भारत स्काउट एण्ड गाइड के पदाधिकारी राज्यपाल जी को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए।




राज्यपाल जी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत दान पात्र में संगठन को दान प्रदान किया।

"स्काउट एण्ड गाइड के पदाधिकारी स्काउट और गाइड में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ायें तथा अपने प्रशिक्षण में ऐसी गतिविधियां शामिल करें, जिससे प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व का निर्माण हो और देश को सुदृढ़ नागरिक प्राप्त हों।"

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

## लद्दाख की हनु-आर्यन घाटी से आई बौद्ध महिलाओं ने की राज्यपाल जी से भेंट

**राजभवन : 27 नवम्बर, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लद्दाख की हनु–आर्यन घाटी से आई हुई 25 बौद्ध महिलाओं से राजभवन में भेंट की।
- 25 बौद्ध महिलाएँ भारतीय सेना के ऑपरेशन सद्भावना के तहत, फॉरएवर इन ऑपरेशंस डिवीज़न के सौजन्य से राष्ट्रीय एकीकरण यात्रा का हिस्सा बनी हैं।
- 17 दिन की यह यात्रा लेह– दिल्ली–वाराणसी–गया तक जाएगी।



## राज्यपाल ने झण्डी दिखाकर एम्बुलेन्स को रवाना किया

**राजभवन : 27 नवम्बर, 2022**




बेसिक लाइफ सपोर्ट युक्त रेडक्रास की तीन एम्बुलेंस को देवरिया, मेरठ एवं एटा जनपदों के लिए झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए राज्यपाल जी।

# स्कूली बच्चों का राजभवन भ्रमण

राजभवन : 17 दिसम्बर, 2022



किडजी प्राइमरी स्कूल, लखनऊ के बच्चे व अध्यापक राजभवन भ्रमण के उपरान्त राज्यपाल जी के साथ।



मांउट लिटेरा स्कूल, लखनऊ के बच्चे व अध्यापक राजभवन भ्रमण के उपरान्त राज्यपाल जी के साथ

राजभवन : 27 नवम्बर, 2022



राजभवन भ्रमण पर आये रायबरेली रोड स्थित रेडियंट पब्लिक स्कूल, लखनऊ के छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल जी।

# स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती पर श्रद्धांजलि

राजभवन : 12 जनवरी, 2023



स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती 'युवा दिवस' के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए राज्यपाल जी।



स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सम्मुख दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) के उद्यमी डा0 बु अब्दुल्ला तथा उनके प्रतिनिधिमण्डल के साथ राज्यपाल जी।

# उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि, प्रबन्ध समिति की बैठक

**राजभवन : 13 जनवरी, 2023**




उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि, प्रबन्ध समिति की बैठक की अध्यक्षता करते राज्यपाल जी।

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबन्ध समिति की 49वीं बैठक सम्पन्न।
- 10 मदों पर विचार-विमर्श।
- पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याणार्थ नवीन योजनाओं के संचालन पर प्रस्ताव।
- अटारी प्रक्षेत्र के रख-रखाव पर हो रहे व्यय।
- सरोजनी नगर में सैनिक स्कूल के समीप शेष बची टी0सी0एल0 निधि की तथा गहरू ग्राम स्थित कृषि भूमि के समुचित उपयोग के विषय मुख्य रूप से चर्चा।
- सैनिकों की विधवाओं और बच्चों को राज्य एवं केन्द्र संचालित जनहित योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी विचार हो।
- कोरोना में अनाथ हुए सैनिकों के बच्चों और सैनिक विधवा पेंशन लाभार्थियों की सूची प्रस्तुत की जाए।
- अटारी प्रक्षेत्र का रख-रखाव समस्त व्यय सहित कृषि विभाग को दिया जाए।
- गहरू ग्राम की कृषि योग्य भूमि पर वन-विभाग के अधिकारी द्वारा नर्सरी लगाकर आय प्राप्त करने का सुझाव।
- तेरह सैनिक विधवा लाभार्थियों को एक लाख रूपये का चेक तथा अंगवस्त्र का वितरण।
- 100 प्रतिशत विकलांग सैनिकों के उपचार हेतु पी0आर0सी0 किरकी, पूना को रू0 8 लाख तथा पी0आर0सी0 मोहाली, पंजाब को रू0 10 लाख का अनुदान।
- ज्ञातव्य है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा इस अनुदान हेतु प्रति सैनिक 1.0 लाख प्रदान किया जाता था जो कि अब बढ़ाकर प्रति सैनिक रू0 1.5 लाख कर दिया गया।




राज्यपाल जी ने सैनिक विधवा लाभार्थियों को एक लाख रूपये का प्रतीकात्मक चेक तथा अंगवस्त्र प्रदान किया।

# बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स

**राजभवन : 14 जनवरी, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेल पटेल की प्रेरणा से राजभवन आवासीय परिसर की महिलाओं को ''बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स'' का प्रशिक्षण दिया गया।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेल पटेल ने राजभवन आवासीय परिसर की महिलाओं द्वारा ''बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स'' के अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली व उनका अवलोकन किया।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेल पटेल ने राजभवन आवासीय परिसर की महिलाओं द्वारा ''बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स'' के अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेल पटेल ने राजभवन आवासीय परिसर की महिलाओं द्वारा ''बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रोडक्ट्स'' के अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न उत्पादों का अवलोकन करते हुए।

# माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा लिखित पुस्तक 'दि एग्जाम वारियर्स' का विमोचन

राजभवन : 18 जनवरी, 2023



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लिखित पुस्तक 'दि एग्जाम वारियर्स' का राजभवन में विमोचन करते हुए मा0 राज्यपाल जी, साथ में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं

"पुस्तक में विद्यार्थियों के लिए अनेक शिक्षाप्रद अध्यायों का समावेश इस आशय से किया गया है ताकि विद्यार्थी परीक्षा में तनावमुक्त होकर परीक्षाओं की तैयारी अच्छी तरह से कर सकें। यह पुस्तक छात्रों को परीक्षाओं को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। साथ ही यह पुस्तक माता-पिता, शिक्षकों के लिए उपयोगी होने के कारण 'न्यू इण्डिया' के युवाओं के लिए समर्पित है।"

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल



# राजभवन में खिलाड़ी अलंकरण समारोह का आयोजन

**राजभवन : 26 जनवरी, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राजभवन में आयोजित खिलाड़ी अलंकरण समारोह में देश की कीर्ति पताका उन्नत करने वाले 72 खिलाड़ियों को सम्मानित किया।
- ❖ समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 एवं 36वें नेशनल गेम्स-2022 के प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान।
- ❖ राष्ट्रमण्डल (कॉमनवेल्थ) खेलों में प्रतिभागी एवं पदक विजेता 06 खिलाड़ियों को चेक एवं प्रशस्ति-पत्र देकर तथा गुजरात में आयोजित नेशनल गेम्स, 2022 में पदक विजेता 66 खिलाड़ियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया।
- ❖ कामनवेल्थ गेम में कांस्य पदक विजेता सुश्री दिव्या काकरान को 50 लाख की धनराशि, तथा प्रतिभागी खिलाडियों को 5 लाख का प्रतीकात्मक चेक दिया गया।
- ❖ नेशनल गेम्स 2022 में स्वर्ण पदक विजेता को 06 लाख, रजत पदक विजेता को 04 लाख तथा कांस्य पदक विजेता को 02 लाख की धनराशि का चेक प्रदान किया गया।




उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी।




# शहीद दिवस पर बापू जी को श्रद्धांजलि

राजभवन 30 जनवरी, 2023



शहीद दिवस पर राजभवन में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल जी।



शहीद दिवस पर राजभवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजभवन कर्मियों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बापू के प्रिय भजन का आनन्द लेते हुए राज्यपाल जी एवं राजभवन कर्मी।

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का रजत जयंती समारोह

**राजभवन : 02 नवम्बर, 2022**

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित रजत जयंती समारोह में राजभवन से आनलाइन सहभागिता की।
- राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन जी की प्रतिमा का अनावरण, ई-ज्ञान संगम (ओ0ई0आर0 रिपाजिटरी), ई-ज्ञानार्जन (एल0एम0एस0पोर्टल) का उद्घाटन तथा स्मारिका का विमोचन।
- जेल में निरूद्ध बंदियों और किन्नरों के लिए भी उपयोगी एवं उच्च शिक्षा की व्यवस्था के निर्देश।
- विश्वविद्यालयों में गतिविधि संचालन और व्यवस्थागत कमेटियों में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाएं।




*रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते हुए श्री राज्यपाल।*

> "मुक्त विश्वविद्यालय उन लोगों के लिए वरदान है, जो अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों, दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में निवास, विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने जैसे विविध कारणों से नियमित शिक्षण संस्थान जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित रहने वाले इस वर्ग को मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर विकास का बड़ा अवसर प्राप्त हो जाता है"
>
> -श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# भारतीय कुक्कुट विज्ञान संघ के सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

**राजभवन: 04 नवम्बर, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित इण्डियन पॉल्ट्री साइंस एसोसिएशन के तीन दिवसीय 37वें सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का ऑनलाइन उद्घाटन किया।
- इप्सा द्वारा वैज्ञानिकों को विशेष योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मान तथा पुस्तक एवं सोवेनियर का विमोचन।




*भारतीय कुक्कुट विज्ञान संघ के सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते श्री राज्यपाल।*

''ज्ञान को विश्वविद्यालय की परिधि तक ही सीमित न रखें। शिक्षक और विद्यार्थी गाँवों में जाकर विश्वविद्यालय में हुए शोधों का लाभ ग्रामीणों को प्रदान कर उनकी सामाजिक और आर्थिक उन्नति में सहायक बनें।''

''विश्वविद्यालय के शिक्षक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग में वैज्ञानिक पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए आदिवासी क्षेत्र में जाकर उन्हें विधिवत पशुपालन, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जानकारी, दूध से विविध उत्पादों के निर्माण की शिक्षा दें।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# ‘‘नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क’’ में प्रदेश के विश्वविद्यालयों की उच्च रैंकिंग के लिए ऑनलाइन समीक्षा बैठक

**राजभवनः 15 नवम्बर, 2022**

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा ‘‘उपक्रम‘‘ पदाधिकारियों से आनलाइन जुड़कर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क एन0आई0आर0एफ में उच्च रैंकिंग के लिए तैयारियों हेतु समीक्षा की।
- बैठक में 11 विश्वविद्यालय के कुलपति, चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ से उपक्रम के पदाधिकारियों तथा निदेशक आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय तथा उपक्रम की डायरेक्टर जनरल ने राजभवन सभाकक्ष में उपस्थित रहकर प्रस्तुतिकरण दिया।
- एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग हेतु मूल्यांकन के लिए निर्धारित पाँच क्राइटेरिया पर बिन्दुवार अंक गणना के साथ चर्चा।
- ‘‘एन0आई0आर0एफ0‘‘ की तैयारियों के लिए सभी पाँचों क्राइटेरिया पर विश्वविद्यालयों को बिन्दुवार विवरण उपलब्ध करायें, जिससे विश्वविद्यालय अपने विवरण और डेटा को बेहतर संयोजन के साथ मूल्यांकन हेतु अपलोड कर सके।
- प्रदेश के विश्वविद्यालयों के नैक में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने की दिशा में सहयोग हेतु ‘‘उपक्रम‘‘ क्रियाशील है। सभी विश्वविद्यालय इस दिशा में प्रयास के लिए अग्रसर हैं।
- विश्वविद्यालयों को अपने स्तर को और बेहतर कर नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क ‘एन0आई0आर0एफ‘, नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन एन0बी0ए0, क्यू0एस0वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग और क्यू0एस0एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए आवेदन करने तथा उनके मानकों पर अपना प्रस्तुतिकरण देने के निर्देश।




*प्रदेश के विश्वविद्यालयों की नेशनल इंस्टीट्यूटशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में उच्च रैंकिंग हेतु राजभवन से ऑनलाइन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी।*

‘‘प्रदेश के विश्वविद्यालयों में बेहतर शैक्षिक स्तर और संसाधन उपलब्ध हैं। लेकिन उचित प्रस्तुतिकरण के अभाव में रैंकिंग में पिछड़ रहे हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क में ग्रेडिंग के लिए टीम बनाकर, लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करें। समय का सदुपयोग करें, तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे।’’’

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में जी-20 की तैयारी की बैठक

**राजभवन : 9 दिसम्बर, 2022**




*मा. प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन की तैयारियों हेतु आयोजित बैठक में राजभवन से ऑनलाइन अपने विचार रखते हुए राज्यपाल जी।*

- ❖ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में जी-20 की तैयारी के संबंध में आहूत बैठक में प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सहित समस्त प्रदेशों के राज्यपाल, उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सहभाग कर अपने-अपने राज्यों में बैठक हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।
- ❖ प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में 1 दिसम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2023 तक उत्तर प्रदेश के 4 शहरों आगरा, वाराणसी, लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में विभिन्न स्थलों पर 11 बैठकों का आयोजन।
- ❖ बैठकों में शामिल होने वाले जी0-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर 13 फरवरी, 2023 का वेलकम डिनर/गाला डिनर लखनऊ राजभवन में किया जायेगा।
- ❖ वाराणसी में आयोजित जी-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत एवं अभिनंदन सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा किया जायेगा।
- ❖ सुरक्षा और संरक्षण से समझौता किए बिना ही प्रतिनिधियों को अपने शहरों का पता लगाने, अनौपचारिक तरीके से स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करने के लिए हर तरह की सहूलियत प्रदान की जायेगी।
- ❖ सभी विश्वविद्यालयों द्वारा किये गये नवाचारों, स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, पेटेण्ट तथा अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन प्रदर्शनियों तथा डिजिटल माध्यम से किया जायेगा।
- ❖ प्रदेश में मथुरा, कानपुर, मेरठ, अयोध्या में 4 ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जहां कृषि के साथ-साथ पशुपालन की भी शिक्षा दी जाती है। इन उत्पादों से जुड़े निवेशों के लिए योजना बनाई जाये।
- ❖ कृषि एवं पशुपालन तथा डेयरी उद्योग के संबंध में शिक्षण प्रशिक्षण में तकनीकी के आदान प्रदान हेतु दो देशों के बीच एम0ओ0यू0 किया जा सकता है।

- विश्वविद्यालयों द्वारा क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनको स्वस्थ्य बनाने का कार्य, कुपोषण दूर करने के लिए पोषण पोटली उपलब्ध कराने का कार्य।
- सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण जैसे कार्यों का भी प्रदर्शन किया जायेगा।
- हमारे सामान्य तथा 04 तकनीकी विश्वविद्यालयों से पारस्परिक सहयोग एवं आपसी साझेदारी, विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, वर्चुअल शिक्षण, फैकल्टी के आदान-प्रदान, ई-कक्षाओं तथा विस्तार पटल के माध्यम से सह-शिक्षण के लिए एम0ओ0यू0 किये जाने पर बल।
- जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान छात्र समूह, कालेजों से, गाइड, स्वयंसेवकों के रूप में इस कार्य में बढ़चढ कर अपनी सहभागिता देंगे।
- स्थानीय संस्कृति और विरासत पर संक्षिप्त विवरण प्राप्त करने के लिए एवी, नोट्स आदि तैयार करने के लिए स्थानीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों, शिक्षकों तथा लेखकों का उपयोग किया जा सकता है।

## कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस

**राजभवन : 10 दिसम्बर, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वाराणसी स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस में राजभवन से आनलाइन सहभागिता की।



*वाराणसी में आयोजित कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।*

> विश्व कल्याण की शुरूआत जन कल्याण से होती है और स्वास्थ्य उसकी महत्वपूर्ण इकाई है। इसलिए यूनिवर्सल हेल्थ भारत के लिए बहुत बड़ी प्राथमिकता है। हम देश और दुनिया में 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' की ओर बढ़ने वाली प्रगति को स्वीकार करें और सभी के लिए उच्च गुणवत्ता, सस्ती व जन केन्द्रित आजीवन भागीदारी, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने वाली एक स्थायी और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए प्रयास करें।
>
> -श्रीमती आनंदीबेन पटेल

## ‘‘आजादी के पचहत्तर वर्षीय विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका’’ विषय पर सेमिनार

**राजभवन : 22 दिसम्बर, 2022**



धामपुर, बिजनौर के धामपुर स्थित एस0बी0डी0पी0जी0 कॉलेज में ‘‘आजादी के पचहत्तर वर्षीय विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका ‘‘विषय पर आयोजित सेमिनार को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

‘‘कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त बन सकता है, जब उसका हर नागरिक सशक्त हो। इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे आगे है। परिवार में एक मां के रूप में वह अपनी यह भूमिका अदा करती है। राष्ट्र निर्माण में उसके इस योगदान का लंबा इतिहास रहा है।’’

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

## इण्डियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट का 41वां सम्मेलन

**राजभवन : 27 दिसम्बर, 2022**

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा अयोजित इण्डियन काउंसिल आफ केमिस्ट के 41वें सम्मेलन में राजभवन से ऑनलाइन सहभागिता की।



इण्डियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट के सम्मेलन को राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

# कृषि विश्वविद्यालय संघ का 46वां वार्षिक कुलपति सम्मेलन

**राजभवन : 26 दिसम्बर, 2022**

❖ राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान, मथुरा द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : कृषि विश्वविद्यालयों में कार्यान्वयन'' विषय पर आयोजित भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ के 46वें वार्षिक कुलपति सम्मेलन में राजभवन से आनलाइन शामिल हुईं।



*मथुरा में आयोजित कुलपति सम्मेलन को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।*

''हमारे कृषि और पशुपालन शिक्षा से जुड़े विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट कार्यों से जोड़कर प्रदेश के किसानों को लाभ दे सकते हैं। हमारे विद्यार्थियों को विश्वस्तर की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करके उनके स्वरोजगार के कौशल को भी बढ़ाया जा सकता है। वे देश जिनके पास डेयरी उद्योग की तमाम विविधतायें और एडवांस तकनीक उपलब्ध है, उनसे एम0ओ0यू0 करके आप सबको तकनीक के अदान-प्रदान के लिए प्रयास करना चाहिए।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये गये कुलपति का विवरण

| क्र0 | विश्वविद्यालय का नाम | नियुक्त कुलपति | नियुक्ति आदेश की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. राम मनोहर लाहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या | प्रो. प्रतिभा गोयल | 18 नवम्बर, 2022 |
| 2. | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | प्रो0 आलोक राय | 30 दिसम्बर, 2022 |

# राज्य विश्वविद्यालयों का दीक्षान्त समारोह

| क्र. सं | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | दिनांक | पदक एवं उपाधियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ | 08 नवम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 1,506<br>पदक - 150<br>पीएच.डी. - 29 |
| 2. | भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ | 16 नवम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 155<br>पदक - 47<br>पीएच.डी. - 03 |
| 3. | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | 24 नवम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 670<br>पदक - 10<br>पीएच.डी. - 06 |
| 4. | डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | 26 नवम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 48,000<br>पदक - 101<br>पीएच.डी. - 81 |
| 5 | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | 15 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 1,31,427<br>पदक - 234<br>पीएच.डी. - 234 |
| 6 | सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ | 16 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 353<br>पदक - 07<br>पीएच.डी. - 72 |
| 7 | उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज | 19 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 19,587<br>पदक - 23 |
| 8 | प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज | 19 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 1,19,363<br>पदक - 143 |
| 9 | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | 23 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ -<br>पदक - 41 |
| 10 | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | 29 दिसम्बर, 2022 | उपाधियाँ - 1,31,427<br>पदक - 234<br>पीएच.डी. - 234 |
| 11 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी | 31 दिसम्बर, 2022 | उपधियाँ - 14,702<br>पदक - 14,756 |
| 12 | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी | 31 दिसम्बर, 2022 | उपधियाँ - 77,194<br>पदक - 65<br>पीएच.डी. - 48 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया | 9 जनवरी, 2023 | उपाधियाँ- 25220<br>पदक- 34 |
| 14 | चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर | 11 जनवरी, 2023 | उपाधियाँ - 577<br>पदक - 60<br>पीएच.डी. - 52 |
| 15 | आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या | 16 जनवरी, 2023 | उपाधियाँ- 545<br>पदक-25<br>पीएच.डी.- 72 |
| 16 | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | 21 जनवरी, 2023 | उपाधियाँ- 42688<br>पदक- 189<br>पीएच.डी.- 05 |
| 17 | बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा | 27 जनवरी, 2023 | उपाधियाँ-206<br>पदक-16 |

❖ दीक्षान्त समारोह के माध्यम से जल संरक्षण हेतु मटकी में जलधारा डालकर जल संरक्षण का संदेश।




दीक्षान्त समारोह में मटके में जलधारा डालकर जल संरक्षण हेतु विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित करते हुए राज्यपाल जी।



दीक्षांत समारोह में आमंत्रित प्राइमरी पाठशाला के बच्चों के साथ मा0 राज्यपाल जी।




दीक्षान्त समारोह में मेधावी छात्र को पदक एवं उपाधि प्रदान कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




दीक्षान्त समारोह में मेधावी छात्रा को पदक एवं उपाधि प्रदान कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




दीक्षान्त समारोह में पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राज्यपाल जी के साथ।



दीक्षान्त समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए कुलाधिपति जी

''शिक्षा-दीक्षा का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। इसके बाद समाजिक जीवन में अपने ज्ञान के समुचित उपयोग और जीवन लक्ष्यों को लगन से पूरा करने पर सफलता हासिल होगी। शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया मात्र नहीं है। ये उन चारित्रिक गुणों का उच्चतम विकास भी करती है, जिनका प्रारम्भ घर में माता-पिता से प्राप्त प्रारम्भिक शिक्षा से होता है। ये वो संस्कार देती है, जिसका हम अपने व्यवहारिक जीवन में उपयोग करते हैं।''

''हमारे युवा नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें। इसके लिए उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों को क्षमता सम्बर्द्धन, व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक सहयोग वाले छोटे-छोटे प्रोजेक्ट से जोड़ने का कार्य करें।''

''शिक्षा चारित्रिक गुणों का उच्चतम विकास करती है।शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया मात्र नहीं है। ये उन चारित्रिक गुणों का उच्चतम विकास भी करती है, जिनका प्रारम्भ घर में माता-पिता से प्राप्त प्रारम्भिक शिक्षा से होता है। ये वो संस्कार देती है, जिसका हम अपने व्यवहारिक जीवन में उपयोग करते हैं।''

-श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# रामा विश्वविद्यालय, कानपुर का दीक्षान्त समारोह

**कानपुर : 11 नवम्बर, 2022**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल रामा विश्वविद्यालय, कानपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुईं।
- ❖ 133 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 102 विद्यार्थियों को रजत पदक, 45 शोधार्थियों को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि तथा कुल 3,222 विद्यार्थियों को उपाधियों का वितरण।



दीक्षान्त समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।





दीक्षांत समारोह में आमंत्रित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग, फल एवं मिठाई वितरित करते हुए राज्यपाल जी

## बरेली इण्टरनेशनल विश्वविद्यालय, बरेली का दीक्षान्त समारोह

**बरेली: 29 दिसम्बर, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल बरेली इण्टरनेशनल विश्वविद्यालय, बरेली के चौथे दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित हुईं।
- इस अवसर पर स्नातक के कुल 206 तथा परास्नातक की 107 विद्यार्थियों को उपाधि तथा विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले स्नातक के 22 तथा परास्नातक के 06 मेधावियों को स्वर्ण पदक का वितरण।



*दीक्षान्त समारोह में मेधावी छात्रा को मेडल देकर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।*

## दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर को नैक मूल्यांकन में 'A++' ग्रेड

**राजभवन : 17 जनवरी, 2023**

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं विशेष प्रयास से दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा A++ श्रेणी प्राप्त।
- राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में A++ ग्रेड प्राप्त होने पर कुलपति तथा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी।
- यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणादायी है।
- विश्वविद्यालयों को अपनी शिक्षण एवं कार्य व्यवस्था की गुणवत्ता उत्कृष्ट करने के प्रयासों को उच्चतम श्रेणी प्राप्त करने तक निरंतर जारी रखना चाहिए।
- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर पहले भी B++ नैक ग्रेडिंग प्राप्त कर चुका है।
- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर नैक मूल्यांकन में A++ ग्रेड प्राप्त करने वाला राज्य का दूसरा विश्वविद्यालय बन गया है।
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को NAAC द्वारा A++ श्रेणी प्रदान की गयी है।

# राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा नैक की तैयारियों का प्रस्तुतीकरण

- ❖ विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया को और बेहतर बनाये।
- ❖ सेल्फ स्टडी रिपोर्ट में फीडबैक को बेहतर करने, उल्लेखनीय उपलब्धियों को हाइलाइट करने, एडवांस तकनीकी सुविधाओं का उल्लेख रिपोर्ट में जोड़ने का सुझाव।
- ❖ छात्राओं की सुरक्षा के लिये विश्वविद्यालयों में 'हैपीनेस सेंटर' की स्थापना की जाय।

| क्रम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | 09.11.2022 |
| 2. | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर | 27.11.2022 |
| 3 | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | 07.12.2022 |
